Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 09-10-2022 अंक 367

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाईकों की टक्कर में महिला घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत के तेली टोला निवासी रूपलाल तुरी की पत्नी रेखा देवी उम्र 38 वर्ष सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेखा देवी अपने पति के साथ घर लौट रही थी। इसी क्रम में बिलोतिया मोड़ के नजदीक विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी । जिससे महिला सड़क पर गिर गई। महिला को आनन फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

बरही पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी अभियुक्त अमर कुमार सिंह उर्फ पीटरसन पिता भगवान केशरी उर्फ भगवान सिंह बरहीडीह (रामनगर) निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। अमन कुमार सिंह पर कांड संख्या 74/22 के खिलाफ मामला दर्ज था। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनके द्वारा बरही प्रखंड में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगा था।

# अपेम वेलफेयर फाउंडेशन शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को देगा बेसिक हेल्थ प्रशिक्षण, 90 दिनों का होगा कोर्स

## प्रशिक्षण दिलाकर हेल्थ सेक्टर में रोजगार उपलब्ध कराएगा फाउंडेशन, खुलेगा प्रत्येक पंचायत में अपेम हेल्थ सेंटर

पंजीयन की प्रारंभ होने की तिथि 10 सितबर 2022, अंतिम तिथि 20 सिंतबर 2022



**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

भारत सरकर के मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स से पंजीकृत स्वयं सेवी संस्था अपेम वेलफेयर फाउंडेशन, बरही के द्वारा हज़ारीबाग़ जिले के वैसे शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को हेल्थ प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना बेसिक करियर बनाना चाहते हैं। इस बाबत अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के चीफ एडवाईजर डॉ अनिल कुमार ने बताया कि अपेम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षण का डिजाइन तैयार किया गया है। इसमे प्रथम फेज में हज़ारीबाग़ जिले के बरही अनुमंडल के प्रखंड बरही, चौपारण, पदमा, बरकट्ठा, चलकुसा को रखा गया है। प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क होगा। केवल एक बार पंजीयन के लिए प्रति सदस्य 500/- ( पांच सौ) रुपये मात्र देना होगा। पंजीयन के बाद तीन माह का बेसिक हेल्थ प्रशिक्षण शुरू होगा। प्रशिक्षण तीन कटेगरी होगा। पहला हीना थ्योरी का रहेगा। दूसरा महीना प्रैक्टिकल का होगा एवं तीसरा महीना प्रैक्टिकल एवं थ्योरी के साथ परीक्षा का रहेगा। परीक्षा पास करने वाले वुवक युवतियों को अपेम वेलफेयर फाउंडेशन एवं अपेम ट्रस्ट हॉस्पिटल के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षित युवक युवतियों को उनके इच्छा के अनुसार निजी हॉस्पिटल में जॉब प्लेसमेंट कराया जाएगा। वही उन्हें स्थानीय स्तर पर खुले अपेम हेल्थ सेंटर में भी शिफ्ट कराया जाएगा। अपेम हेल्थ सेंटर अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के अपेम मेडिकल एडवाइजरी बोर्ड के निर्देशन में संचालित होगा। उसकी विस्तृत जानकारी समय समय पर दिया जाता रहेगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक पास ोगी। । अंग्रेजी लिखने एवं पढ़ने की जानकारी होनी अनिवार्य है। पहले पंजीयन कराने वाले युवक युवतियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**पंजीयन हेतु संपर्क करें**

**1 डॉ अनिल कुमार - 9934337941**

**2 कृष्णा प्रजापति 7004315535**

प्रशिक्षण स्थल : 1 अपेम ट्रस्ट हॉस्पिटल न्यू कॉलोनी बरही

2. अपेम प्रशिक्षण केंद्र , तथागत हॉस्पिटल उरवा

पंजीयन की प्रारंभिक तिथि 10 अक्टूबर 2022 एवं अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2022 है।

पंजीयन हेतु जरूरी कागजात : -

1. शैक्षणिक प्रमाण पत्र की प्रति

2 दो पासपोर्ट साइज की फ़ोटो

3 आधार कार्ड की एक प्रति

4 पंजीयन सह फॉर्म शुल्क : 500 रुपए

पंजीयन फॉर्म प्राप्त करने का स्थानरू 1 अपेम लाइव न्यूज़ कार्यालय न्यू रेलवे कॉलोनी गया रोड बरही

2. अपेम ट्रस्ट हॉस्पिटल, न्यू कॉलोनी , बरही

# बड़कागांव में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस की गाड़ी झूलते हुए 11 हजार वोल्ट बिजली के तार के चपेट में आने से एक की मौत , आठ गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद चार रांची रिम्स रेफर



मृतक का फाइल फ़ोटो



घटनास्थल



शव के साथ रोते बिलखते परिजन



घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी व बीडीओ

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के ग्राम सिरमा पंचायत के छवनिया गांव स्थित पगार जाने वाली पुल के समीप में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकाले गए जुलूस की गाड़ी, झूलते हुए 11 हजार वोल्ट बिजली के तार के चपेट में आ गई। जिसके कारण मौके पर ही एक व्यक्ति छवनिया गांव निवासी 40 वर्षीय नियामत की मौत हो गई। एवं 8 अन्य लोग बुरी तरह से जलकर जख्मी हो गए। घायलों को आनन फानन में बड़कागांव ह०स्पिटल के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल 4 को रिम्स रांची रेफर कर दिया ।

प्रत्यक्ष दर्शी मो इरफान ने बताया की जुलूस के दौरान पगार मोड़ के पास गाड़ी में बांधा गया चोंगा (हार्न) 11 हजार बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे पूरे गाड़ी में ही बिजली का करंट दौड़ गया। जिससे मौके पर ही मोहम्मद नियामत पिता कासिम की मौत हो गई। वही मोहम्मद करामत अली पिता मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद इफ्तेखार पिता कमालुद्दीन, मोहम्मद सरफराज पिता मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद अब्दुल्ला पिता मोहम्मद सुल्तान, रवि कुमार पिता संजय महतो , मोहम्मद हुसैन पिता शाहबाज और कमरुल होदा पिता मटन मियां तथा कामेश्वर कुमार भी स्पर्शघात से घायल हुए हैं।

**ग्रामीणों ने लाश उठाने नहीं दिया नौकरी की मांग पर अड़े रहे।**

घटना में नियामत की मौत को लेकर ग्रामीण नौकरी की मांग पर अड़े रहे शाम 5:00 बजे समाचार लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा नहीं जा सका। मौके पर उपस्थित वीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे, इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा लिखित आश्वासन देने के बावजूद ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे।

**1 वर्ष पूर्व से झूलते हुए 11 हजार वोल्ट पावर तार को हटाने की मांग की जा गई थी।**

ग्रामीण मोहम्मद मंजूर ने कहा कि सिरमा गांव के टोला पगार मोड़ के पास 11 हजार वोल्ट झूलते हुए बिजली का तार को 1 वर्ष पूर्व से ही हटाने की मांग हम लोग कर रहे थे। बिजली का तार बिलकुल नीचे आ गया है। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस निकालने से 1 सप्ताह पूर्व भी ग्रामीणों ने स्थानीय बिजली मिस्त्री से बिजली के तार को ऊपर करने का आग्रह किया गया था परंतु समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**मृतक के परिवार को 5 लाख एवं घायलों को मुआवजा दिया जाएगा : महादेव मुर्मू**

इस संबंध में विभाग के स्कूटीव इंजीनियर महादेव मुर्मू ने कहा की मृतक के परिजन को 5 लाख एवं घायलों को मुआवजा दिया जाएगा ।11 हजार वोल्ट बिजली तार को ऊंचा किया जाएगा। वही वीडियो जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि परिवारिक हितलाभ एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिया जाएगा मृतक के परिजन को दिया जाएगा।

मौके पर मुख्य रूप से इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, पश्चिमी जिप सदस्य यास्मीन निशा, पूर्वी जिप सदस्य सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूर्व प्रमुख टूकेश्वर महतो, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, हाजी अजहर इमाम, शमशेर अंसारी, पंचायत समिति प्रतिनिधि मो इरफान, जानिसार आलम आदि लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मलकोको में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के साथ साथ मनाया गया विश्व शांति दिवस






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड के मलकोको पंचायत में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर विश्व शांति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गावं के मदरसा आलिया मुरादिया के तालीम ए इल्म व होनहार बच्चों के द्वारा जुलुश ए मोहम्मदिया शांति पूर्वक निकाला गया। जिसमें गाँव के सभी बच्चे, नोजवान, बुढ़े बुजुर्ग, मर्ि. हलाओं के साथ कई लोग शामिल रहे।तत्पश्चात मदरसा अहले सुन्नत आलिया मुरादिया में जश्ने ईद कॉन्फ्रेंस मनाया गया जिसमें मदरसा और के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आगाज हाफ़िज़ अल्लाउद्दीन के. तिलावते कुरान से हुआ। मदरसा आलिया मुरादिया के प्रिंसिपल मौलाना गुलाम हैदर ने निकाबत करते हुए लोगों को समझाया कि आज ही के दिन बारह रबीउल अव्वल के दिन ही पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्लाहु ताला अलैह वस्सलम का जन्म हुआ। पैगम्बर हज़रत मो. हम्मद साहब के दुनिया में आने के बाद दुनिया की हर तरह की बुराई को मिटाया गया।पैगम्बर हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु ताला अलैहिस्सलाम ने दुनिया मे पहली बार बेटी को बचाना और बेटियों को तालिम देनी की महत्ता को बताया। पहले जमाने के समय में जिस तरह से बेटियों को जिन्दा दफन कर दिया जाता था उस बुराई को हज़रत मुहम्मद साहब ने खत्म कर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे दुनिया के लोगों को भाईचारे के रूप मे रहना चाहिए। सभी लोगों को आपसी मद -भेद को मिटाकर एक दूसरे के साथ हमेशा मिलजुलकर और इत्तिहाद के साथ रहना चाहिए चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। ख़ास तौर पर हम सभी हिंदुस्तानी भाई को एक और नेक बनकर जीवन यापन करना चाहिए। अब्दुल अंसारी ने गांव के सभी बुद्धिजीवी, समाजसेवी और गणमान्य लोगों को दिल जीतते हुए गावँ के सभी लोगों से मिलकर दुआ और आशीर्वाद लिए। कॉन्फ्रेंस में मदरसा आलिया मुरादिया और एम्बिशन अकादमी के बच्चों ने नात खां और तकरीर भी किए ।लोगों के हाथों तबर्रुक का भी वितरण हुआ। मौके पर मौलाना गुलाम हैदर रिजवी, हाफिज अल्लाउद्दीन, हाफ़िज़ महबूब आलम, हाजी जहुर अंसारी, मुखिया विजय यादव, एम्बिशन एकेडमी के संच. ालक अज़हरुद्दीन एवं शोएब अख्तर, पूर्व उप मुखिया कुरबान मियां, अब्दुल अंसारी, सुलेमान अंसारी, समाज सेवी सूरज दास, नसीम अंसारी, सैफ़ अली, मुस्ताक अंसारी, अनवर अंसारी, ताजबुल अंसारी, अब्दुल कलाम, मुर्शिद अंसारी गांव के बच्चें एवं गाँव के सभी ग्रामीण शामिल होकर हज़रत मोहम्मद शाहब की जन्म दिवस को पूरे भारत वर्ष में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाने व आपसी भाईचारगी रूप में रहने की संदेश दिए।

## राजस्व कर्मचारी के हड़ताल से अंचल कार्यालय के चक्कर काट रहे जरूरतमंद : मो0 कयूम






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड के राजस्व उप - निरीक्षक 16 सितंबर से ग्रेड पे प्रोन्नति समेत विभिन्न 11 सूत्री मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। राजस्व उप - निरीक्षकों की हड़ताल का छात्रों पर व्यापक असर पड़ रहा है। राज्य के कई विभागों में नौकरियां के लिए आवेदन करने के साथ - साथ स्कॉलरशिप लेने के लिए जाति, आवासीय वा आय सहित अन्य प्रमाणपत्रों की जरूरत है। लेकिन राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के कारण प्रमाण पत्र नही बन पा रहे है। राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से बरही अंचल कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग दूर दराज से भूमि संबंधी एवं अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अंचल कार्यालय पहुंच रहे है। लेकिन उन्हें मायूस होकर खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। इस हड़ताल से जमीन संबंधी कार्य म्यूटेशन, दाखिल खारिज, पारिवारिक सूची, भूमि हस्तांतरण, समेत विभिन्न कार्य प्रभावित है। जमीन खरीदार और विक्रे. ताओं को भी कठिनाई हो रही है। सरकारी और गैर सरकारी कार्य प्रभावित हो रहें है ऐसे में सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने बताया की कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से छात्रों के जाती प्रमाण पत्र से लेकर आवासीय और आय प्रमाण पत्र नही बन पा रहा है। अंचल के राजस्व कर्मी पिछले लगभग 20 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।जिसके कारण बरही के हजारों छात्रों के भविष्य अंधेरे में है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस हड़ताल से राज्य सरकार को भी राजस्व के मामले में काफी क्षति हो रही है।

## ईद मिलाद - उल - नबी के अवसर पर अलगडीहा में जलसा का किया गया आयोजन, विधायक हुए शामिल



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के अलगड़ीहा में ईद मिलाद - उल - नबी के अवसर पर अलगडीहा में पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम के अध्यक्षता में जलसा का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। विधायक उमाशंकर अकेला ने ईद मिलाद - उल - नबी का महत्व बताते हुए कहा की यह महीना मुस्लिम समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। क्योंकि इसी महीने में इस्लाम धर्म के आखिरी पैगंबर का जन्म हुआ था। जिसके कारण इस महीना को पवित्र महीना माना जाता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, एआईएमएआईएम के विधानसभा प्रभारी सूरज दास, भंडारों मुखिया प्रति. निधि सकलदेव यादव, विजैया मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, समाजसेवी जमीरुद्दीन, पंसस रमजान अंसारी, इलियास खान, प्रभु यादव, मो सलामत, सदर अब्दुल कयूम, हाफिज तैयब, मौलाना सिकंदर अली मुफ्ती, असगर गायवी, सुलतान अंसारी, अबुल हसन, मौलाना हसनैन, हसनैन रजा सहित हजारों अन्य लोग मौजूद थे।

## जन सहयोग से की जा रही है डूमरडीह बरही डीह रोड की मरम्मती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सड़क की मरम्मती करवाते गुरुदेव गुप्ता एवं ग्रामीण

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सामाजिक कार्यकर्ता एवं बरही पश्चिमी भाग 4 के जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम डूमरडीह से बरहीडीह होते हुए एन.एच.33 को जोड़ने वाली सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।उन्होंने बताया है कि यदि जनमानस एकजुट होकर सहयोग करें तो क्षेत्र में विकास की लकीर खींची जा सकती है। बरसात के मौसम में इस मार्ग में पैदल चलना दूभर हो जाता है। वैसी स्थिति में समाज के लोगों के साथ मिलकर कच्ची सड़क में मोरम मिट्टी भरवा कर रास्ते को दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य में सहयोग करने वालों में ग्राम डूमरडीह निवासी प्रदीप चंद्रवंशी शिवलाल राणा ,महेंद्र सिंह ,देवलाल राणा, पिंटू कुमार ,विनय जी,झरी यादव, अमित कुमार, रौशन कुमार, लक्ष्मण यादव, पूर्व मुखिया शंकर चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, नितीश कुमार, बलराम सिंह अर्जुन पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मोटरसाइकिल की टक्कर से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल

**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**



सतगावां थाना क्षेत्र के बासोडीह स्थित शिवा हार्डवेयर के समीप रविवार को दिन 10 बजे एक मोटरसाइकिल की टक्कर से वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई वही घायल वृद्ध महिला की पहचान सतगावां थाना क्षेत्र के नारायडीह निवासी बिलसी देवी उम्र 64 वर्ष पति स्व अर्जुन प्रसाद यादव के रूप में की गई है। वहीं घायल वृद्ध महिला बासोडीह की ओर से अपने घर नारायडीह जा रही थी जहां विपरीत दिशा से बासोडीह की ओर से नावाडीह जा रहे मोटरसाइकिल ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गया था वही ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना महिला के परिजनों को दी गई जहां से परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल वृद्ध महिला को आनन- फानन में बिहार राज्य के नवादा की ओर बेहतर उपचार के लिए ले जाया गया था



दिनांक: 09-10-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## 15 और 16 अक्टूबर से होगा वाई ए सी चंदवारा के तत्वाधान में होगा भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर परिसर में वाई ए सी चंदवारा के पूर्व खिलाड़ियों के द्वारा एक बैठक बुलाई गई बैठक का मुख्य उद्देश्य चंदवारा में दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से मैच को सफल बनाने के लिए कमेटी का विस्तार पूर्वक चयन किया गया वाई ऐ सी के पूर्व खिलाड़ी सुरेश यादव को अध्यक्ष एवं अभिमन्यु पांडे को सचिव तथा कुंदन कुमार को सह सचिव एवं राकेश कुमार पंडित वा प्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया वही मीडिया प्रभारी बबलू मोदी एवं निर्णायक कमेटी में विक्कू बरनवाल अरविंद रविदास अजय भारती व अन्य को शामिल किया गया एवं सर्व समिति से अजय भारती को टीम कप्तान मनोनीत किया गया जबकि राहुल यादव उपकप्तान होंगे बैठक में मुख्य रूप से अनिल राणा महेंद्र गुप्ता राजकुमार यादव विकास कुमार अरविंद दास मनोज दास अरुण भगत सोनू अरुण यादव कलाम हुसैन दिनेश रजक बिट्टू बरनवाल रोहित कुमार ये रहे उपस्थित रह

## गोस नगर चंदवारा पश्चिमी में धूमधाम से मनाया गया बारह रबीउल अव्वल शरीफ

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



कोडरमा चंदवारा गौस नगर चंदवारा पश्चिमी के मुस्लिम धर्म लंबियों ने मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलेह वसल्लय के जन्म दिवस के अवसर पर शांतिपूर्वक जुलूस मार्च पूरे चंदवारा नगर का भ्रमण किया गया गौस नगर होते हुए रांची पटना रोड ब्ल०क मैदान व चंदवारा मोड़ तक शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया जिसमें गौस नगर के मौलाना ताहिर रजा ने अपने बयान में बताया कि हुजूर अलेहीसलय आज ही के दिन सन 571 इसवी में पैदा हुए थे उसी की याद में हम सभी बारह रवि उल अव्वल मनाते हैं साथ ही देश की अमन व शांति के लिए दुआएं की गई इस मौके पर सदर मोहम्मद आबिद हुसैन एमडी कलाम एमडी इरशाद एमडी मुस्तकीम एमडी इस्लाम एमडी सद्दाम इरफान मोहम्मद आकिब कलाम इरशाद नजरुल हसन आजाद शहजाद इस्लाम शहंशाह तोहिद इरफान उल हक आजाद शहजाद व सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे

## बरसोत में पूरे अकीदत के साथ मनाई गई जश्ने ईद मिलादुन्नबी, निकला जुलूसे मोहम्मदी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरसोत में जुलूसे मोहम्मदी में शामिल लोग

बरसोत में मुस्लिम अंजुमन कमेटी की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूसे मोहम्मदी पूरे अकीदत के साथ निकाला गया। इस अवसर पर ग्राम भ्रमण कर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एक दूसरे को गले लग कर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी । सभी लोगों ने हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर बरसोत एवं बरही के आवाम के लोगों के लिए अमन चौन की दुआएं मांगी। मौके पर बरसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी को हरा पगड़ी पहनाकर मुस्लिम समाज के लोगों ने सम्मा. नित किया। मौके पर मुस्लिम अंजुमन कमेटी सचिव सलीम खान, मुस्लिम अंजुमन कमेटी सदर अनवर खलीफा, बरही प्रखंड सचिव फिरदोस खान, जमीर खान, रजाक खान,अजीम खान,कलीम खान,सौरभ खान,समीर खान,फरमान खान,सलामत खान, हकीम खान, दानिश खलीफा, गोल्डन खलीफा, राजू खान ,आलमगीर खान ,इमरान खान ,शाहिद खान, फरहान खान ,सज्जू खलीफा ,साबिर खलीफा,आदि लोग मौजूद रहे।

## लसकरी में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया ईद मिलाद – उल – नबी, निकाला गया जुलूस





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में इस्लाम धर्म के आखिरी रसूल हजरत मोहम्मद मुस्तफा अल्लेह का जन्मदिवस रविवार को मनाया गया। इस दौरान न सिर्फ महफिल का आयोजन हुआ बल्कि मुहल्ले में जश्ने ईद मिलादुन्नबी भी निकाली गई। मस्जिदों और घरों को रंग बिरंगी झालरो से सजाया गया। इसके अलावा मुहल्ले की गलियों एवं प्रमुख मार्गो को भी रंगबिरंगी झालरों से सजाया गया। इधर इस्लाम धर्मावलंबियों ने मस्जिद में नमाज भी अदा की। वहीं इस जुलूस में सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर समाजसेवी मो तस्लीम, मो रब्बानी, मो इशाक, युवा समाजसेवी मो सरफराज, मो निशार, मो रिजवान, मो सफायद, मो रौशन, मो अजमत, मो शमशाद, मो कुद्दूस, मो निजाम, मो सद्दाम, मो असगर, मो सेराज, मो परवेज, मो रियाज, मो सागीर, मो हदीस, मो बारीक सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थ।

## हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर निकाला गया जुलूस

**अपेम लाइव : संतगांवा**
**विकाश पांडेय**



सतगावां प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने निकाला पहलाम जुलूस। सतगावां प्रखंड के विभिन्न गाँवो में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें मोदीडीह, बासोडीह आदि गांव में हजरत पैगंबर मो. हम्मद के जन्मदिन पर रविवार को मुस्लिम भाइयों ने पहलाम जुलूस निकाला। जो मस्जिद से लेकर पूरे विभिन्न गांव घुमाते हुए कब्रिस्तान तक गया और फातिहा दरूद किया गया। मोहम्मद अजहर रवानी, मोहम्मद फैयाज आलम ने बताया कि हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन पर जुलूस निकालकर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर लोगों के बीच मिठाईयां टॉफी बांटी गई और देश में अमन शांति की दुआ किया गया और जुलूस में मुख्य प्रतिनिधि विनोद यादव, पंचायत समिति मोहम्मद इबरार ,पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि मोहम्मद नियाज आलम, मोहम्मद शकील, मोहम्मद जैनुल हक ,तनवीर आलम मुनाजिर हुसैन सद्दाम हुसैन अमीर जमाल इकराम आलम मोहम्मद मुस्ताक मियां साबिर मियां के अलावे सभी मुस्लिम समुदाय के लोग जुलूस में शामिल रहा।

## ग्रामीणों एवं भू मालिकों ने आपसी समझौते से सुलझाया बड़कागांव एवं चोरका जाने वाली पूल बाईपास की समस्या

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत बड़कागांव चोरका नदी में अर्ध निर्मित पूल एवं बाईपास की समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं भूमि मालिकों के बीच बैठक की गई। बैठक में पूर्व विधायक लो. कनाथ महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश कु. ठाकुर एवं शिक्षक मोहम्मद इब्राहिम उपस्थित हुए। भू मालिकों एवं कांट्रेक्टर के बीच भूमि किराए को लेकर आपसी विवाद के कारण बाईपास को रोक दिया गया था। जिसके बाद बाईपास पर गड्ढे बना दिए गए थे। जिसे भू मालिकों ने मानवता का परिचय देते हुए आम ग्रामीणों के लिए अपने भूमि से आवागमन करने की अनुमति दे दी है। बाईपास पर बने गड्ढे को जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से कुदाल चला कर भरा गया। बता दें कि पूल बनकर तैयार है, लेकिन दोनों छोर पर अप्रोचिंग की समस्या बनी हुई है। पुल निर्माण में कांट्रेक्टर के द्वारा उल्टे सीधे काम करवाने के कारण गढ़वाल एवं अप्रोचिंग की समस्या उलझन में पड़ी हुई है। गढ़वाल को टेढ़ा बनाकर दुर्घटना ग्रसित कर दिया गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण बांस का सीढ़ी बनाकर भरी बरसात में आवागमन करने को विवश हैं। मौके पर मुख्य रूप से शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता, काशी महतो, पुरण महतो,राजेश महतो, विकाश कुमार, राजू महतो, खिरोधर महतो, बेचन महतो, पवन कुमार, संजय विश्वकर्मा, राथो महतो, भगवान मिस्त्री,गंगाधर लोहरा, बाबू लाल साव, उप मुखिया मनोज महतो, भोला कु महतो, भगुन महतो, विनोद महतो, परमेश्वर महतो, मेघनाथ महतो, गोपाल साव के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार   सहयोगीः सोनू पंडित,   एडिटिंग- सोनू पंडित   मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चाणक्य आइएएस एकेडमी में आयोजित निशुल्क मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट में पवन कुमार सिंह बने टॉपर

### पहले तीन टॉपरों को संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग। स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी में रविवार को ओपन निरू शुल्क मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इस मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट के क०पी की जांच ओएमआर मशीन के माध्यम से की गई, जिसमें पवन कुमार सिंह को पहला स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सुनील कुमार को द्वितीय जबकि भारती प्रिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर मौजूद संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने सभी तीन ट०परों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा करते हुए कहा कि पहले स्थान पर पवन कुमार सिंह को 50 प्रतिशत, सुनील कुमार को 40 फीसदी जबकि भारती प्रिया को 30 फीसदी छात्रवृत्ति की सुविधा संस्थान में प्रदान की जाएगी। साथ ही मौके पर संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार व जेपीएससी झारखंड प्रभारी विपिन कुमार के हाथों सभी तीन ट०परों को सम्मा. नित भी किया गया। साथ ही टेस्ट परीक्षा में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि हर सप्ताह ओएमआर शीट पर होने वाले जेपीएससी टेस्ट को संस्थान एक मिशन की तरह लेकर काम कर रही है, जो आने वाले समय में अभ्यर्थियों के हित में काफी कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर इस टेस्ट से अभ्यर्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, वहीं अभ्यर्थियों की ओर से की जाने वाली छोटी छोटी गलतियों से भी अभ्यर्थी अवगत होंगे। उन्होंने बताया कि चाणक्य आइएएस एकेडमी केवल टेस्ट ही नहीं ले रही है, बल्कि टेस्ट परीक्षा से जुड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन भी किया जा रहा है, जो उनके सुनहरे भविष्य की राह आसान करेगा। संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि यह ओपन जेपीएससी टेस्ट प्रत्येक सप्ताह संस्थान की ओर कराया जा रहा है, जिसमें कोई भी इच्छुक अभ्यर्थी पंजीकरण कराकर इस टेस्ट में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ओएमआर शीट पर जो साप्ताहिक जेपीएससी टेस्ट सिरीज़ की शुरुआत चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से की गई है, इसके पीछे का एकमात्र लक्ष्य है कि झारखंड के विद्यार्थियों को सिविल सेवा के क्षेत्र में अव्वल पायदान पर लाना और इस लक्ष्य की ओर तेजी से संस्थान अग्रसर है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी फाउंडेशन कोर्स की ही तर्ज पर जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें बेसिक से शुरू कर पाठ्यक्रम की तैयारी, रिविजन और इंटरव्यू यानि संपूर्ण तैयारी महज़ एक वर्ष में कराई जाती है। उन्होंने कहा कि यह तैयारी हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाती है। मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट को सफल बनाने में संस्थान के हजारीबाग सेंटर हेड मोहन कुमार, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार, जेपीएससी टेस्ट प्रभारी सुभाष कुमार, लेखक और जेपीएससी टेस्ट के झारखंड प्रभारी विपिन कुमार समेत संस्थान के सभी लोगों का अहम योगदान रहा।

## दो गुटों के हंगामे के बीच कोयला संघर्ष समिति का चुनाव संपन्न , अध्यक्ष चुने गए शिव कुमार ओझा

### चुनाव गैर संवैधानिक तरीके से कराया गया है कोर्ट जाएंगे : रंजीत कुमार

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पकरी बरवाडीह कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड लेबर यूनियन का चुनाव नयाटाण्ड पंचायत भवन मे दो गुटों के हंगामे के बाद संपन्न कराया गया। पूर्व महामंत्री रंजीत कुमार गुट ने चुनाव का बहिष्कार किया। चुनाव इतना तनावपूर्ण हो गया था कि आपस में मारपीट का नौबत आ गई थी। पुलिस के आने के बाद मामला शांत हुआ तत्पश्चात पर्यवेक्षक हजारीबाग इंटक जिला अध्यक्ष मिथिलेश दुबे की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिव कुमार ओझा अध्यक्ष ,धीरज कुमार सिंह कोषाध्यक्ष, अभय सिंह पर्यवेक्षक, एवं रामकुमार वीरेंद्र निर्विरोध प्रवक्ता चुने गए। वही मतदान में ओंकार शर्मा ने लल्लन तुरी को 149 मत से हराकर महामंत्री बने। चुनाव को लेकर पूर्व महामंत्री रंजीत कुमार ने पत्रकारों को बताया कि चुनाव गैर संवैधानिक तरीके से किया गया है इसका बहिष्कार करते हैं। अब कोर्ट जाएंगे और चुनाव को रद्द करवाकर नियम संगत संवैधानिक ढंग से चुनाव कराने की की मांग करेंगे।

## सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय युवक घायल, गंभीर स्थिति में रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के जराहिया निवासी विजय भुइयां उम्र 23 वर्ष पिता गुगली भुइयां रविवार को युवराज होटल के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। मुखिया हरेंद्र गोप, समाजसेवी मनोहर यादव के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## खरांटी में काली पूजा समिति के अध्यक्ष बने हेमंत भुइंया सचिव मनोज यादव

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


अध्यक्ष हेमंत भुइंया

बड़कागांव : काली पूजा को लेकर बड़कागांव खरांटी में बैठक की गई। सर्वसम्मति से काली पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कालीपूजा संपन्न कराने हेतु बैठक कर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष हेमंत भुईया को चुना गया तथा सचिव मनोज कुमार यादव, कोशायाधक्ष सुरेश प्रजापति और उपाध्यक्ष नरेश राम को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय यादव, लालदेव साव, रविन्द्र पासवान, पनालाल साव, विनोद यादव, सिकंदर प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, वासुदेव यादव, उदय नाथ राम के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

APEM LIVE

## शिव हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर बैठक

### रामनवमी के अवसर पर कुम्हरडिहा गांव में होगा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड पंचायत के कुम्हरडिहा गांव के मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा के आसपास पांच दिवसीय श्री श्री 1008 शिवहनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ कराने का निर्णय लिया गया, जिसे लेकर यज्ञ समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रभु सिंह, सचिव प्रभु महतो, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, उपाध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, उपसचिव राजेंद्र महतो, उप कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर समेत 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। वहीं यज्ञ को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए महिला समिति का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष शिवानी देवी, सचिव सुमित्रा देवी, उपाध्यक्ष विनीता देवी, कोषाध्यक्ष सुनीता देवी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर ग्राम अध्यक्ष पप्पू कुमार (भुनेश्वर), सचिव कुंवर महतो, कोषाध्यक्ष ब्रह्मदेव रवानी, पप्पू महतो, पारसनाथ प्रजापति, संजय ठाकुर, रविंद्र महतो समेत सैकड़ों महिला–पुरुष बैठक में उपस्थित थे।

## बरही में शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया ईद मिलाद- ल- नबी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में रविवार को हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल–अल्लाह –वा –सल्लम साहब के यौमे विलादत (जन्म दिवस) के मुबारक मौके पर जिन्होंने सारे जांहन को अमन एवं शान्ति का संदेश दिया। बारह–रबि–औव्वल शरीफ के मुबारक मौके पर बरही में जश्ने –ईद–मिलादुन्न नबी का शानदार व आजीमोशान जुलूस निकाला गया। जिसमें मोहम्मद साहब के द्वारा दिए गए संदेश को जनजन तक पहुंचाने के लिए बरही में मुस्लिम सामुदाय के लोग कांधे से कंधा मिलाकर आगे आए और सभी ने नारे–ए–तकबीर नारे–ए –रिसालत,हुजूर की आमद मरहबा,दाता की आमद मरहबा से बरही गुंज उठा चारों तरफ इस्लामी झंडे और बैनर से खुब सुरत नाजारा देखते ही बनता था। क्या बच्चे,क्या जवान,क्या बढ़े सभी नारा बुल्द कर रहें थे। जुलूशे मोहम्मदी में आजाद मुहल्ला, दरगांह मुहल्ला, थाना मु. हल्ला, ताज मुहल्ला, तारबंगला, शाकरी मुहल्ला, हुसैन नगर, शादी मुहल्ला, चौक मुहल्ला सहित बरहीडीह के लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए। और खुशियां मनाई वा एक दुसरे को मुबारकबाद दिया। जुलूशे –ए–मुहम्मदी में मुख्य रूप से जामा मस्जिद के इमाम मुशर्रार्फुल कादरी, सदर मो० समीम, सिक्रेट्री मो० क्युम, मदिना मस्जिद के इमाम हाफिज कलिम उद्दीन रिजवी, सदर मो० मुस्ताक, सिक्रेट्री मो० इफ्तेखार, मक्का मस्जिद के इमाम अब्दुल क्युम, सदर हाजी कबीर अली , सिक्रेट्री मो० हफीज,20 सूत्री बरही अध्यक्ष इकबाल रज़ा, कांग्रेस जिला महासचिव सह बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, कोनरा पचायत के पूर्व मुखिया मो० ताजउद्दीन, ऐजुकेशनल चौरिटेबल सोसायटी बरही अध्यक्ष रिजवान अली, सचिव ज्याउद्दीन अहमद, कांग्रेस के कोनरा पंचायत अध्यक्ष मो० निजामउद्दीन, उपमुखिया प्रतिनिधि मो० इजहार, पंसस मो० युसूफ, पंसस प्रतिनिधि मो० सागीर, मो० आजाद, शमीम अख्तर, मो० गुलजार अंसारी, गुलाम सरवर, अनवर हुसैन, मो० वारीस, मो० अमजद,मो० जियाउद्दीन, मो० गुफरान, जियाउल हक,मो० एहसान, मो० कमाल, मो० इसराफील, निशार सिद्दीकी, सरफराज अहमद, डॉ अली हैदर, जाहिद खां ,मो० इब्रा. हिम,मो० शाहजहां, मो० इसरार, कलीम राय, मो० फारूक आदि सामिल हुए और भरपुर सहयोग किया। बरही पुलिस प्रशासन का सहयोग भी सराहनीय रहा। खास कर पुलिस निरिक्षक सह थाना प्रभारी ललीत कुमार जिन्होंने अपनी पुरी टीम के साथ जुलूशे –ए–मुहम्मदी में स्वयं उपस्थित रह कर पुरे सुझबुझ के सराहनीय पहल किए। जिसके लिए बरही की आवाम उन्हें मुबारकबाद पेश करती है।

APEM LIVE

APEM LIVE